दिनांक 16.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में गया जी जिलान्तर्गत मानपुर प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य से प्राप्त निविदा के वित्तीय बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-

उपस्थिति:-

(i) **श्री कुमार रवि,** - अध्यक्ष
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - सदस्य
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

1	कार्य का नाम	- गया जी जिलान्तर्गत मानपुर प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य कार्य।
2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का	- ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025)।
3	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹12,42,66,900/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1105(नि0) अनु0 दिनांक-13.07.2025)।
4	परिमाण विपत्र की राशि	- ₹ 12,17,25,481/- (असैनिक कार्य)
5	निविदा की राशि	- ₹ 14,39,81,570/-
6	निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग	- पी0आर0संख्या-016697(भ0) 25-26 दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-03.10.2025 में प्रकाशित।
7	निविदा आमंत्रण की तिथि	- 03.10.2025
8	प्री-बीड की बैठक की तिथि	- 17.10.2025 / 24.10.2025
9	निविदा की तिथि	- 08.11.2025
10	निविदा खोलने की तिथि	- 10.11.2025
11	<u>निविदादाता का नाम एवं पता</u>	-(1) मे0 बालाजी डेवलपर्स, साकेत, साउथ दिल्ली, दिल्ली। (2) मॉ मंगला कंसट्रक्सन, रेहुआ, गया जी। (3) मनोजवम इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रा0 लि0, सम्पतचक, पटना। (4) मे0 तारणी कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, देवधा, महानंदपुर। (5) सिमेंस कंसट्रक्सन कार्पोरेशन, अभियंता नगर, पटना।

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

E:/V/Block.F.P-3/2026-43

<u>द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक 22.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे इस निविदा मे भाग लिए पॉच निविदाकार में से तीन निविदाकार को सफल एवं दो निविदाकार को असफल किया गया था। तकनीकी बीड के निर्णय पर आपत्ति/परिवाद दर्ज करने हेतु विभागीय वेबसाईट पर दिनांक-28.12.2025 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक रखा गया। निर्धारित समय अवधि में किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद नही प्राप्त होने पर तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापित होने के उपरांत सही पाया गया है, तद्रोपरांत वित्तीय बीड खोलकर कर कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी के द्वारा भेजा गया है, जो निम्नवत् हैः-

क्रं0 सं0	संविदक का नाम	निविदा की राशि	उद्धृत दर (परिमाण विपत्र के दर से)	उद्धृत राशि
1	मॉ मंगला कंसट्रक्सन, रेहुआ, गया जी।	₹14,39,81,570/-	13.96 % कम	₹ 12,38,81,743/-
2	मनोजवम इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रा0 लि0, सम्पतचक, पटना।		9.09 % कम	₹ 13,08,93,645/-
3	मे0 तारणी कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, देवधा, महानंदपुर।		14.99 % कम	₹ 12,23,98,733/-

उपर्युक्त विवरणी से स्पष्ट है कि इस कार्य के लिए न्यूनतम वैध निविदाकार मे0 तारणी कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, देवधा, महानंदपुर है।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार ‘‘मे0 तारणी कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, देवधा, महानंदपुर’’ को परिमाण-विपत्र की दर से 14.99 प्रतिशत कम दर पर अर्थात् ₹12,23,98,733/- (बारह करोड़ तेईस लाख अंठानवे हजार सात सौ तेतीस रूपये) मात्र पर कार्य आवंटित करने एवं स्वीकृत्यादेश निर्गत करने हेतु मुख्य अभियंता (द0) को प्राधिकृत करने का अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

13 **<u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>**

गया जी जिलान्तर्गत मानपुर प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य के वित्तीय बीड पर दिनांक-12.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-	ह0/-	ह0/-	ह0/-
(विकास कुमार पाण्डेय) आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना।	**(मनोज कुमार सिंह)** मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना।	**(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त -सह- विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना।	**(कुमार रवि)** सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना।

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-81/2025 2315 पटना/दिनांक 16/01/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/01/26

मुख्य अभियंता (द0)।

16.01.2026

E:/V/Block.F.P-3/2026-44